अपठित गद्यांश

अपठित गद्यांश अर्थात् जो पहले पढ़ा नहीं गया है। इसमें कहानी या निबंध आदि का अंश दे दिया जाता है और फिर उसके आधार पर कुछ प्रश्न पूछे जाते हैं। विद्यार्थी को स्वयं समझकर उत्तर देने होते हैं। अपठित गद्यांश/पद्यांश पर आधारित प्रश्नों और उत्तरों के अभ्यास से पढ़ने, समझने और लिखने की शक्ति विकसित होती है। उदाहरण के लिए निम्न गदयांश को पढ़कर देखें।

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

अजय दीवाली मेले में गया था। उसका मित्र रोहन भी वहीं था। मेले में बहुत-सी दुकानें थी। दोनों ने खूब खिलौने खरीदे। उसके बाद वे दोनों अपने बीमार मित्र मोहित को देखने गए। उन्होंने अपने खिलौनों में से एक खिलौना मोहित को भेंट किया। दोनों ने उसे दीवाली की शुभकामनाएँ भी दीं।

प्रश्न 1. अजय कहाँ गया था?

उत्तर : अजय दीवाली मेले में गया था।

प्रश्न 2. मेले में क्या था?

उत्तर : मेले में बहुत-सी दुकानें थी।

प्रश्न 3. अजय और रोहन किसे देखने गए?

उत्तर : अजय और रोहन अपने बीमार मित्र मोहित को देखने गए।

प्रश्न 4. अजय और रोहन ने मोहित को क्या भेंट किया?

उत्तर : अजय और रोहन ने मोहित को एक खिलौना भेंट किया।

प्रश्न 5. गद्यांश में आए दो बहुवचन शब्द लिखिए।

उत्तर : खिलौने और दुकानें

Scanned by CamScanner

अभ्यास 5

आप जानते ही हैं कि 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है। नीचे बाल दिवस पर आधारित अपठित गद्यांश दिया गया है। उसे ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दें।

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन 14 नवंबर को आता है। इस दिन को विशेष तौर पर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि नेहरू जी को बच्चों से बहुत प्यार था। बच्चे उन्हें चाचा नेहरू पुकारते थे। बाल दिवस बच्चों को समर्पित भारत का राष्ट्रीय त्योहार है। देश की आजादी में भी नेहरू का बड़ा योगदान था। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश का उचित मार्गदर्शन किया था। बाल दिवस बच्चों के लिए महत्वपूर्ण दिन होता है। इस दिन बच्चे रंग-बिरंगी पोशाक पहनकर विद्यालय जाते हैं। विद्यालयों में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वे अपने चाचा नेहरू को प्रेम से याद करते हैं।

प्रश्न 1. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं० जवाहर लाल नेहरू का जन्मदिन कब आता है?

उत्तर: ____________________

प्रश्न 2. 14 नवंबर को बाल दिवस के रूप में क्यों मनाया जाता है?

उत्तर: ____________________

प्रश्न 3. बाल दिवस पर बच्चे क्या पहनकर विद्यालय जाते हैं?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 4. बाल दिवस पर विद्यालयों में कौन-से कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है?

उत्तर : ____________________

प्रश्न 5. गद्यांश में से एक बहुवचन शब्द चुनकर लिखिए।

उत्तर : ____________________

Scanned by CamScanner